Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding need to take steps for overall development of Musahar caste in Rewa Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh - Laid

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा (मध्य प्रदेश) में मुसहर जाति हैं जो शादी समारोह में जूठे पत्तल उठाने का काम करती हैं और उसी में जो पूरी बचती हैं उसे सूखाकर खाती हैं । बारिश के दिनों में वही उनका भोजन का आधार होती है, ये बहुत गरीब जाति हैं । इनके बच्चे कुपोषण और अशिक्षा के शिकार हैं । भूख से लड़कर ये लोग अपनी जान दे देते हैं । इनकी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है । भारत सरकार से अनुरोध है कि मुसहर जाति के समग्र विकास के लिए योजना बनायें ।